**भारत सरकार**

**कोयला मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1776**

**जिसका उत्तर 10 दिसंबर, 2025 को दिया जाना है**

## सीआईएल द्वारा स्थानीय क्षेत्र विकास

**1776. श्री सौमेंदु अधिकारीः**

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) अपने परिचालन क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय क्षेत्र के सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास तथा अवसंरचना विकास की जिम्मेदारी निभा रहा है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 2021-22 से सीएसआर के माध्यम से परियोजनाओं और सामाजिक-आर्थिक, पर्यावरण, नैतिक कल्याण विकास व्यय का सब्सिडियरी-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि पश्चिम बंगाल के ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अंतर्गत वर्ष 2021-22 से अनेकों स्कूलों और अस्पतालों को आवर्ती अनुदान सहायता और व्यय की कुल राशि तथा इस अवधि के दौरान व्यय की कुल मात्रा के साथ गैर-आवर्ती अनुदान सहायता मिल रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या यह भी सच है कि पिछले दो वर्षों के दौरान विभिन्न परियोजनाओं/प्रस्तावों के अधिक विस्तारित विकास के लिए समझौतों के नवीनीकरण/संशोधन/पुनरीक्षण और अनुदान सहायता के लिए सोसायटियों और गैर-सरकारी संगठनों सहित सामाजिक संगठनों के कई आवेदन ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के पास लंबित हैं और यदि हां, तो इसके कारणों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) स्थानीय क्षेत्रों के व्यापक एवं समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास हेतु आवेदनों को कब तक मंजूरी दी जाएगी?

**उत्तर**

**कोयला एवं खान मंत्री**

**(श्री जी. किशन रेड्डी)**

**(क) :** जी, हां। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और इसकी सहायक कंपनियां अपने सीएसआर फंड के माध्यम से अपने प्रचालन क्षेत्रों के भीतर/आस-पास स्थानीय क्षेत्रों में सामुदायिक कल्याण और विकास के लिए विभिन्न कार्यकलापों में योगदान दे रही हैं।

**(ख)** : वर्ष 2021-22 से सीआईएल और उसकी सहायक कंपनियों के सीएसआर व्यय का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

| सार्वजिनक क्षेत्र के उपक्रम | सीएसआर व्यय (करोड़ रू.) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | वित्त वर्ष 21-22 | वित्त वर्ष 22-23 | वित्त वर्ष 23-24 | वित्त वर्ष 24-25 | वित्त वर्ष 25-26 (अप्रैल-नवंबर (अनंतिम) |
| ईसीएल | 13.86 | 6.92 | 7.32 | 4.41 | 3.28 |
| बीसीसीएल | 2.99 | 11.42 | 7.77 | 22.15 | 4.32 |
| सीसीएल | 24.82 | 36.12 | 61.92 | 81.11 | 43.50 |
| एमसीएल | 251.76 | 207.97 | 162.90 | 228.08 | 140.25 |
| एनसीएल | 123.52 | 133.64 | 157.87 | 192.19 | 97.71 |
| एसईसीएल | 69.34 | 59.28 | 53.07 | 48.09 | 22.26 |
| डब्ल्यूसीएल | 12.54 | 11.62 | 13.97 | 52.51 | 20.66 |
| सीएमपीडीआईएल | 6.86 | 8.92 | 8.81 | 9.33 | 2.69 |
| सीआईएल मुख्यालय | 77.64 | 42.04 | 98.55 | 95.73 | 100.05 |
| **कुल** | **583.33** | **517.93** | **572.18** | **733.60** | **434.72** |

वित्त वर्ष 2021-22 से शुरू की गई प्रमुख सीएसआर परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

**(ग)** : ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) ने वर्ष 2021-22 से 2024-25 के दौरान स्कूलों और अस्पतालों को 152.7 लाख रुपये की अनावर्ती अनुदान सहायता राशि प्रदान की है। ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

**(घ) और (ङ) :** ईसीएल को सोसायटियों और गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) सहित सामाजिक संगठनों से बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं, जो मौजूदा करारों के नवीनीकरण या संशोधन, करारों में संशोधन और प्रचालनरत परियोजनाओं के आगे विकास के लिए सहायता अनुदान की मांग करते हैं।

प्रस्तावों के लिए निधियों की आवश्यकता प्रायः सीएसआर के तहत उपलब्ध बजट आवंटन से अधिक होती है। हाल के वर्षों में सीमित लाभप्रदता के कारण ईसीएल का सीएसआर बजट

सीमित है। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के सीएसआर बजट का 60% अनिवार्य रूप से सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम विभाग द्वारा यथा-अधिसूचित प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए निर्धारित किया जाना चाहिए।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135, सीएसआर नियमों और ईसीएल की सीएसआर नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्राप्त प्रस्तावों की विस्तृत जांच की जाती है और तदनुसार सीएसआर के तहत आवंटित बजट के अनुसार उपलब्धता के अधीन निधियों का आवंटन  किया जाता है।

*******

अनुबंध-I

**वित्त वर्ष 2021-22 से सीआईएल और उसकी सहायक कंपनियों द्वारा शुरू की गई प्रमुख सीएसआर परियोजनाओं का ब्यौरा**

| क्र.सं. | सहायक कंपनी | परियोजना का नाम और विवरण | मुख्य क्षेत्र | परियोजना परिव्यय | लाभार्थी/प्रभाव |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीआईएल (मुख्यालय) | थैलेसीमिया बाल सेवा योजना (टीबीएसवाई) – थैलेसीमिया रोगियों के लिए मुफ्त अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण | स्वास्थ्य देखभाल | ₹100 करोड़ | 680 का इलाज किया गया (लक्ष्य 1000) |
| 2 | सीआईएल (मुख्यालय) | नन्हा सा दिल - झारखंड में सीएचडी रोगियों के लिए स्क्रीनिंग और सर्जरी | बाल स्वास्थ्य | ₹9.37 करोड़ | 45,000+ जांच की गई, 259 सर्जरी |
| 3 | सीआईएल (मुख्यालय) | डिजिटल विद्या - 39 जिलों में स्मार्ट क्लासरूम और आईसीटी लैब | डिजिटल शिक्षा | ₹13.54 लाख/स्कूल | ~20 लाख छात्र |
| 4 | सीआईएल (मुख्यालय) | निर्माण – खनन क्षेत्रों से सिविल सेवा अभ्यर्थियों के लिए 1 लाख रु. की सहायता | शिक्षा सहायता | वर्ष 2024 में ₹66 लाख | 66 छात्र, 13 व्यक्तित्व परीक्षण तक पहुंचे |
| 5 | सीआईएल (मुख्यालय) | सीआईएल-आशीष – कोविड-अनाथ छात्रों के लिए छात्रवृत्ति | सामाजिक कल्याण | ₹29.61 करोड़ | 1,645 छात्र |
| 6 | सीसीएल | कैंद्रीकृत रसोई, रामगढ़- स्कूली छात्रों के लिए स्वच्छ मिड-डे मील | पोषण | ₹22.09 करोड़ | 538 स्कूलों के 50,000 छात्र |
| 7 | सीसीएल | स्टेट लाइब्रेरी, रांची – 5000 सीटों वाला आधुनिक शैक्षिक पुस्तकालय | अवसरंचना | ₹65.25 करोड़ | छात्र, विद्वान, आम जनता |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | सीसीएल | सीसीएल के लाल/लाडली – वंचित छात्रों के लिए जेईई/एनईईटी के लिए फ्री कोचिंग | शिक्षा | प्रति वर्ष ₹ 1-1.5 करोड़ | शीर्ष कॉलेजों में 125+ |
| 9 | ईसीएल | मोबाइल मेडिकल वैन – ग्रामीण झारखंड और बंगाल में डोरस्टेप स्वास्थ्य सेवा | स्वास्थ्य देखभाल | ₹12.06 करोड़ | 3.6 लाख ग्रामीण |
| 10 | ईसीएल | आईटीआई सिकतिया – ग्रामीण युवाओं के लिए 5 व्यवसायों में कौशल प्रशिक्षण | कौशल | ₹15 करोड़ | 650+ प्रशिक्षित, 100% नियुक्त |
| 11 | एसईसीएल | एसईसीएल की धड़कन – सीएचडी वाले बच्चों के लिए हृदय की फ्री सर्जरी | बाल स्वास्थ्य | वित्त वर्ष 24-25 के लिए ₹ 4.71 करोड़ | 60 का पूरा हो गया;<br>1000 अनुमोदित |
| 12 | एसईसीएल | एसईसीएल के सुश्रुत – आदिवासी छात्रों के लिए फ्री एनईईटी कोचिंग | शिक्षा | वित्त वर्ष 24-25 के लिए ₹ 0.62 करोड़ | संबद्ध क्षेत्रों में 11 एमबीबीएस, अन्य |
| 13 | एनसीएल | वृद्धाश्रम, वाराणसी – पवित्र शहर में वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल | बुजुर्गों की देखभाल | ₹23.77 करोड़ | 100 बुजुर्ग |
| 14 | एनसीएल | चरक - कैंसर, टीबी, एचआईवी जैसी गंभीर बीमारियों के लिए सहायता | स्वास्थ्य देखभाल | ₹2.5 करोड़ | 451 रोगी |
| 15 | एनसीएल | पोल्ट्री प्रोजेक्ट, सिंगरौली – आदिवासी महिलाओं के लिए आय का सृजन | आजीविका | ₹16.5 करोड़ | 750 परिवार |
| 16 | एनसीएल | डीडीआरसी, सिंगरौली – निःशक्त व्यक्तियों के लिए | पीडब्ल्यूडी कल्याण | ₹2.84 करोड़ | 3249 निःशक्त (लक्ष्य 6000- |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | पुनर्वास<br>और सहायक देखभाल | | | 7000) |
| 17 | डब्ल्यूसीएल | परियोजना सुश्रुत– सिकल सेल और थैलेसीमिया लक्षणों के लिए जांच | आनुवांशिक स्वास्थ्य | ₹2.13 करोड़ | 45,073<br>जांच की गई;<br>2,580 लक्षणों की पहचान की गई |
| 18 | डब्ल्यूसीएल | डब्ल्यूसीएल तराश- छात्रावास और वजीफे सहित<br>एनईईटी/जेईई के लिए निःशुल्क<br>कोचिंग | शिक्षा | प्रतिवर्ष<br>₹1.85 करोड़ | 68 छात्र<br>तैयारी कर रहे हैं |
| 19 | सीएमपीडीआई | कैंसर उपचार सहायता – गरीब कैंसर रोगियों के लिए निदान और उपचार | स्वास्थ्य देखभाल | ₹1.81 करोड़ | 1,655<br>निदान, 24 उपचार |
| 20 | सीएमपीडीआई | बढ़ते कदम – झारखंड और मध्य प्रदेश में क्लबफुट उपचार | बाल स्वास्थ्य | ₹1.47 करोड़ | 310 बच्चे |
| 21 | एमसीएल | सक्षम – निःशक्त व्यक्तियों को आजीविका के लिए ई-रिक्शा वितरण | कौशल और समावेशन | ₹7.5 करोड़ | ओडिशा में 500 निःशक्त व्यक्ति |
| 22 | एमसीएल | सीसीडीपी-उत्थान –<br>संधारणीय कृषि, जल और पशुधन विकास | आजिविका | ₹20.29 करोड़ | 7,000 परिवार |

**पश्चिम बंगाल में वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सीएसआर के तहत ईसीएल द्वारा स्कूलों और अस्पतालों को प्रदान की गई सहायता में अनावर्ती अनुदान:**

| क्र.सं. | कार्यकलापों का नाम | मुख्य क्षेत्र | जिला | राज्य | इस अवधि के दौरान व्यय (लाख रुपए में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोविड-19 रोगियों के उपचार से संबंधित चिकित्सा उपकरणों की खरीद के लिए पूर्वी रेलवे को सीएसआर फंड प्रदान करना | स्वास्थ्य देखभाल | पश्चिम बर्दवान | पश्चिम बंगाल | 2.62 |
| 2 | बारातर विवेकानंद शिशु मंदिर, बरातर, पुरुलिया में नए स्कूल का निर्माण | शिक्षा | पुरुलिया जिला | पश्चिम बंगाल | 19.08 |
| 3 | ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्र में एकल विद्यालयों की सहायता | शिक्षा | पुरुलिया जिला | पश्चिम बंगाल | 13.20 |
| 5 | ईसीएल के केंडा, सोदेपुर, सालानपुर और सतग्राम क्षेत्र के 15 स्कूलों में मिनी साइंस प्रयोगशाला की स्थापना | शिक्षा | पश्चिम बर्दवान | पश्चिम बंगाल | 10.97 |
| 6 | ईसीएल के सीएसआर के तहत बेगुनिया फ्री प्राइमरी स्कूल, बराकर में रसोई और शौचालय परिसर के साथ 02 कक्षाओं का निर्माण | शिक्षा | पश्चिम बर्दवान | पश्चिम बंगाल | 21.21 |
| 7 | ईसीएल कमान क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों को कंप्यूटर प्रदान करना | शिक्षा | पश्चिम बर्दवान | पश्चिम बंगाल | 7.09 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | सालनपुर क्षेत्र के अंतर्गत रामकृष्ण मिशन आश्रम में मां शारदा दाताब्या चिकित्सालय और डायग्नोस्टिक सेंटर का निर्माण | शिक्षा | पश्चिम बर्दवान | पश्चिम बंगाल | 51.65 |
| 9 | श्रीमा प्रतिबंधी कल्याण केंद्र के 25 निःशक्त बच्चों की सहायता | शिक्षा | पश्चिम बर्दवान | पश्चिम बंगाल | 1.23 |
| 10 | सीएसआर के तहत बाराबोनी ब्लॉक के दोमोहानी ग्राम के तहत फरीदपुर गांव में संबंधित सुविधाओं के साथ निःशुल्क प्राथमिक स्कूल और आईसीडीएस केंद्र का निर्माण | शिक्षा | पश्चिम बर्दवान | पश्चिम बंगाल | 25.65 |
| | | | | **कुल** | 152.70 |